

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
I st ग्रेड

REET
I, II Level



# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

28 November 2022


डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 28 नवंबर का इतिहास

- **1660 :** लंदन में द रॉयल सोसायटी का गठन हुआ।
- **1821 :** पनामा ने स्पेन से आजाद होने की घोषणा की।
- **1893 :** न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय चुनाव में पहली बार महिलाओं ने मतदान किया।
- **1996 :** कैप्टन इन्द्राणी सिंह एयरबस ए-300 विमान को कमांड करने वाली पहली महिला बनीं।
- **2001 :** नेपाल ने माओवादियों से निपटने हेतु भारत से दो हैलीकॉप्टर मांगे।

## 28 नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी का भुगतान करना पड़ सकता है। इसके अलावा जिस रकम पर जीएसटी लगाया जाएगा, उसकी गणना के तरीकों में भी बदलाव हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि राज्यों के वित मंत्रियों की समिति ऑनलाइन गेमिंग पर समान रूप से 28 फीसदी जीएसटी लगाने की सिफारिश कर सकती है। सिफारिशें सभी ऑनलाइन गेम के लिए होगी, फिर चाहें उनमें कौशल का इस्तेमाल होता हो या सिर्फ संयाग के आधार पर जीत हार होती हो। इस पर जीओएम की रिपोर्ट लगभग तैयार हो चुकी है।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स द्वारा चलाई जाने वाली यूपीआई पेमेंट सर्विस पर लिमिट लगाने के लिए विचार कर रहा है। एनपीसीआई कुल लेनदेन की सीमा को 30 फीसदी तक लिमिटेड करने के फैसले पर भारतीय रिजर्व बैंक के साथ बातचीत कर रहा है। NPCI ने इस फैसले को लागू करने के लिए 31 दिसंबर की समय सीमा तय की है। इस समय थर्ड पार्टी के जरिए यूपीआई ट्रांजेक्शन की कोई सीमा नही हैं यानी इस समय ट्रांजैक्शन की कोई लिमिटेड नही है। ऐसे में दो कंपनियों गूगल पे और फोनपे की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 80 फीसदी हो गई है।
- रूस 2022-23 वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में चीन की जगह भारत के लिए उर्वरकों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान वैश्विक उर्वरक कीमतों में उछाल ओर पश्चिमी देशों द्वारा रूसी उर्वरक खरीदने से इनकार करने के बाद रूसियों ने भारत को भारी छूट पर अपने उर्वरकों की पेशकश की थी, जिसके कारण भारत ने रूसी उर्वरकों की खरीद बढ़ा दी थी।
- जर्मन रेसिंग ड्राइवर सेबेस्टियन वेट्टेल ने फॉर्मूला वन रेसिंग से संन्यास ले लिया है। रेड बुल के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए वेटेल ने 2010 और 2013 के बीच चार फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती और पहले फेरारी के साथ छह सीजन बिताए। अबू धाबी ग्रां प्री में सेबेस्टियन वेटेल 10वें स्थान पर रहे, जो उनके करियर का आखिरी स्थान था। रेस से पहले वेटेल को अपने साथी प्रतिस्पर्धियों से गार्ड ऑफ ऑनर मिला।
- युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 2021 के लिए तेनजिंग नोर्गे एडवेंचर अवार्ड नामक राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार चार श्रेणियों में दिया जाता है जो भूमि साहसिक, जल साहसिक, वायु साहसिक और जीवनभर की उपलब्धि। पुरस्कार विजेता 30 नवंबर 2022 को राष्ट्रपति भवन में अन्य खेल पुरस्कार विजेताओं के साथ भारत के राष्ट्रपति से अपने पुरस्कार प्राप्त करेंगे। तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार प्रतिवर्ष साहसिक कार्य के क्षेत्र में व्यक्तियों की उपलब्धि की प्रशंसा करने के लिए दिए जाते है।
- कटक बलियात्रा ने 35 मिनट में 22000 पेपर बोट बनाने का कारनामा कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। जिला प्रशासन और कटक नगर निगम द्वारा बारामती स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में बलियात्रा उत्सव के दौरान 22 स्कूलों के 2100 से अधिक छात्रों ने कागज की नाव बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। कटक की बालियात्रा राज्य के सबसे बड़े ओपन-एयर व्यापार मेले के लिए विश्व रिकॉर्ड को वैश्विक मान्यता प्राप्त करने का प्रयास किया गया था।
- Prodapt एक अग्रणी वैश्विक परामर्श प्रौद्योगिकी ओर प्रबंधित सेवा प्रदाता, जो कनेक्टेडनेस उद्योग पर एकमात्र ध्यान केंद्रित करता है, को संचार श्रेणी में सेल्सफोर्स पार्टनर इनोवेशन अवार्ड का प्राप्तकर्ता नामित किया गया है। प्रतिष्ठित पुरस्कार सेल्सफोर्स द्वारा संचालित डिजिटल परिवर्तन कार्यक्रमों और संचार उद्योग के लिए विशिष्ट समाधान त्वरक के विकास में प्रोडाप्ट के योगदान को मान्यता देता है। हर साल सेल्सफोर्स पार्टनर इनोवेशन अवार्ड्स महत्वपूर्ण योगदानों को पहचानते हैं, जो सेल्सफोर्स पार्टनर्स ने क्लाउड्स, इंडस्ट्रीज और व्यापक पार्टनर प्रोग्राम में किए हैं-जिसमें परामर्श फर्म, डिजिटल एजेंसियां, पुनर्विक्रेता और आईएसवी पार्टन्र शामिल है।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार वर्ष 2022 में चीन पहली बार अपनी आबादी में पूर्ण गिरावट दर्ज करेगा और वर्ष 2023 में भारत की आबादी 1428.63 मिलियन तक पहुंच जाएगी, जो चीन की 1425.67 मिलियन की आबादी से अधिक हो जाएगी।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास समन्वय 2022 कब से कब किया जाएगा ?**

(A) 27 से 29 नवंबर (B) 28 से 30 नवंबर
(C) 29 से 30 नवंबर (D) 30 से 2 दिसंबर

**(B)** 28 से 30 नवंबर 2022 तक वायु सेना स्टेशन आगरा में वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास समन्वय 2022 का आयोजन किया जाएगा। समन्वय 2022 अभ्यास भाग लेने वाले आसियान सदस्य देशों के साथ डोमेन ज्ञान, अनुभव और सर्वोतम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने का अवसर देगा।



**2. ग्रीन पोर्ट और शीपिंग के लिए किस देश का पहला नेशनल एक्सीलेंस सेंटर लॉन्च करने की घोषणा की ?**

(A) भारत (B) अमेरिका
(C) जापान (D) ऑस्ट्रेलिया

**(A)** केंद्रीय पत्तर, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने ग्रीन पोर्ट और शीपिंग के लिए भारत के पहले नेशनल एक्सीलेंस सेंटर की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने इस सेंटर के स्थापना की घोषणा इनमार्को 2022 कार्यक्रम के दौरान की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की लाइफ पहले में इसे शामिल किया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण की एक सामूहिक पहले है।



**3. हाल ही में कौनसी राज्य सरकार बांग्लादेश से भागे चिन कूकी समुदाय के 270 आदिवासियों को आश्रय प्रदान करेगी ?**

(A) पश्चिम बंगाल (B) असम
(C) ओडिशा (D) मिजोरम

**(D)** मिजोरम सरकार चिन-कुकी समुदाय के 270 आदिवासियों को समान भोजन, राहत और आश्रय प्रदान करेगी, जो आतंकवादी संगठन के खिलाफ सुरक्षा बलों की कथित कार्रवाई के बाद बांग्लादेश से पूर्वोत्तर राज्य भाग गए हैं, अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं ओर बच्चों सहित लगभग 272 चिन-कुकी आदिवासियों ने दक्षिणी मिजोरम के लौंगतलाई जिले में दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश में चटगांव हिल ट्रैक्ट्स से बांग्लादेश सेना की रैपिड एक्शन बटालियन द्वारा कथित तौर पर उग्रवाद विरोधी अभियान के बाद शरण ली।



**4. हाल ही में ओईसीडी ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर कितना कर दिया है ?**

(A) 2.9% (B) 4.5%
(C) 6.6% (D) 6.9%

**(C)** आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ने वित वर्ष 2023 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9% से घटाकर 6.6% कर दिया है। ओईसीडी ने अपनी नवीनतम आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में कहा है कि अनियमित वर्षा के कारण भारत में आर्थिक विकास की गति धीमी हो गई है।




**5. हाल ही में किस राज्य के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से अग्नि-3 मिसाइल का प्रशिक्षण प्रक्षेपण सफलतापूर्वक किया गया ?**

(A) ओडिशा (B) केरल
(C) तमिलनाडु (D) कर्नाटक

**(A)** हाल ही में ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से अग्नि-3 मिसाइल का प्रक्षिक्षण प्रक्षेपण सफलतापूर्वक किया गया। अग्नि-3 परमाणु सक्षम इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है। यह परीक्षण नियमित उपयोगकर्ता प्रशिक्षण लॉन्च का एक हिस्सा था, जो सामरिक बल कमांड, रक्षा मंत्रालय से तत्वावधान में किया जाता है।



**6. आयुष बाजार 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर कितने बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया ?**

(A) 5 (B) 9
(C) 11 (D) 18

**(D)** केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने नई दिल्ली में 6वें भारतीय उद्योग परिसंघ-सीआईआई आयुष कॉन्क्लेव 2022 को संबोधित किया। जहां उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष बाजार 3 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 18 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उन्होंने कहा कि आयुष नागरिकों को समग्र स्वास्थ्य और चिकित्सा देखभाल प्रदान करके न्यू इंडिया के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



**7. ब्राजीलियाई ग्रां प्री 2022 रेस किसने जीता ?**

(A) जॉर्ज रसेल (B) मैक्स वर्स्टाप्पेन
(C) लुईस हैमिल्टन (D) कार्लोस सैन्ज

**(A)** मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल ने साओ पाउलो में ब्राजीलियाई ग्रां प्री में अपनी पहली एफ-1 रेस जीती है। मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन और फेरारी के कार्लोस सैन्ज क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। रेड बुल के मैक्स वेरस्टापेन चौथे स्थान पर रहे। यह F1 2022 सीजन में मर्सिडीज की पहली जीत भी थी।




**8. हाल ही में हरकीरत सिंह किस देश के ब्रैम्पटन शहर के डिप्टी मेयर नियुक्त होने वाले पहले पगड़ीधारी सिख बने ?**

(A) श्रीलंका (B) भारत
(C) कनाडा (D) अमेरिका

**(C)** हाल ही में कनाडा के ओंटारियो प्रांत के ब्रैम्पटन शहर को हरकीरत सिंह की नियुक्ति के साथ ही अपना पहला पगड़ीधारी सिख डिप्टी मेयर मिल गया है। ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वार्ड 9 और 10 का प्रतिनिधित्व करने वाले हरकीरत सिंह को 2022-26 तक की अवधि के लिए डिप्टी मेयर नियुक्त किया गया है।



**9. हाल ही में भारत-रूस-ईरान ने किस देश की सरजमीं से आतंकवाद के खात्मे के लिए मास्को प्रारूप के साथ त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की ?**

(A) पाकिस्तान (B) अफगानिस्तान
(C) तुर्कमेनिस्तान (D) अजरबैजान

**(B)** यह त्रिपक्षीय बैठक अफगानिस्तान की स्थिति पर विचार के लिए बुलाई गई थी। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में भारत-रूस-ईरान के साथ चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गीस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान व उज्जेकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि शामिल हुए।



**10. अप्रैल-अक्टूबर 2013 की तुलना में अप्रैल से अक्टूबर 2022 तक भारत के फार्मा उत्पादों के निर्यात में कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई ?**

(A) 75% (B) 90%
(C) 105% (D) 138%

**(D)** इस वित्त वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर तक भारत के फार्मा उत्पादों का निर्यात बढ़कर 90,000 करोड़ रूपये से अधिक हो गया। 2013 में अप्रैल से अक्टूबर तक भारत का फार्मा उत्पादों का निर्यात लगभग 37,988 करोड़ रूपये आया था। यूएसए, यूके, दक्षिण अफ्रीका, रूस और नाइजीरिया भारत के शीर्ष पांच फार्मा निर्यात गंतव्य है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज